तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, बुधवार, 16 अक्टूबर 2024

10 जो दुखियों की सेवा करता वह हो जाता है धन्य : रूपसिंग



11 दबनई से छिन्दौला मार्ग में गड्ढों से दुर्घटना बढ़ी





## फायर सेफ्टी प्रशिक्षण के द्वारा युवकों के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

**भिलाई।** संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते हैं, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धता है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपूर संभावनाएं होती है साथ ही **फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर** स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 पद फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र -छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO),भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे हैं **संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी,** संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र -छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लग जाती है, सभी जाति वर्ग के छात्र-छात्राओं को संस्था के द्वारा प्रतिशक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी।

**आवेदन की अंतिम तिथि 25/10/2024**

**फायर सेफ्टी के कोर्स**
- डिप्लोमा फायर एंड इंडस्ट्रियल सेफ्टी
- डिप्लोमा हेल्थ सैनिटरी इंस्पेक्टर
- सब-फायर ऑफिसर
- बी.एस.सी. फायर सेफ्टी



**(1) पताः फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट,(निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक- गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग, (2) कैंपस :- प्लाट नंबर 766, वार्ड नंबर 1, दशहरा मैदान के सामने, शांति नगर, भिलाई जिला दुर्ग छत्तीसगढ़-**

**अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:मो.7697212782**

ADVT.

# 12 गांव के हजारों आदिवासी 15 दिन से घरों में कैद
## हाथियों की दहशत, फसल को पहुंचा रहे नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

- हाथी प्रभावित क्षेत्र के लोगों ने विधायक को बताया दर्द, वन अफसरों की शिकायत की

मैनपुर विकासखंड क्षेत्र के नक्सल प्रभावित अति संवेदनशील क्षेत्र के लगभग एक दर्जन से ज्यादा ग्रामों के हजारो आदिवासी कमार जनजाति के ग्रामीण पिछले 15-20 दिनों से जंगली हाथियों के दल के आतंक से भारी भयभीत है और अपने जान बचाने दोपहर 3 बजे के बाद अपने घरों से नहीं निकल पा रहे हैं। हाथियों का दल प्रभावित ग्रामों मे लगातार पहुंच कर सैकड़ों एकड़ धान, मक्का, दलहन, तिलहन एवं सब्जी की फसल को बूरी तरह से नुकसान पहुंचाया है। इन ग्रामों के वरिष्ठ जन मैनपुर पहुंचकर विधायक जनक ध्रुव सोमवार को समस्याओं से अवगत कराया था और मंगलवार सुबह 10 बजे बिन्द्रानवागढ विधायक जनक ध्रुव मैनपुर क्षेत्र के अति संवेदनशील नक्सल प्रभावित के साथ ही हाथी प्रभावित ग्राम सिहार पहुंचे सिहार पहुंचने के लिए नदी में पुल नहीं होने के कारण घुटने तक पैरी नदी को पारकर और 04 किमी मोटरसायकल चलाते हुए ग्रामीणों से मिलने पहुंचे। ग्राम सिहार में मंगलवार सुबह तड़के 5 बजे हाथियों के दल ने गांव के भीतर घुसकर 2-3 ग्रामीणों के मकानों को तोड़फोड़ किया है और घर के भीतर रखे राशन सामग्रियों को सफाचट कर दिया है। विधायक के ग्राम सिहार पहुंचने की जानकारी लगते ही वन विभाग के वन परिक्षेत्र अधिकारी छबिलाल ध्रुव और वन विभाग का अमला ग्राम सिहार पहुंचे तो ग्रामीणों ने विधायक के सामने वन विभाग के स्थानीय अधिकारियों को जमकर खरी खोटी सुनाई और कहा हाथियों के द्वारा पिछले 15 दिनों से सिहार व आसपास के दर्जनो ग्रामों में सैकड़ो एकड़ धान, मक्के के फसल को बर्बाद कर दिया है विधायक के गांव आने की खबर लगते ही वन विभाग के अधिकारी पीछे -पीछे दौड़ते आए। विधायक ने सिहार के बाद ग्राम देहारगुड़ा, गिरहोला, रामपारा, लुठापारा, दबनई, फसरा, छिन्दौला पहुंचे और गांव मे पैदल घुम- घुमकर ग्रामीणों से हालाचाल जाना व समस्या सुनी। इस दौरान इस क्षेत्र के ग्राम सिहार, छिन्दौला, लुठापारा, लेड़ीबहार, खोलापारा, धोबीपारा, कोयलीबेड़ा के ग्रामीणों ने विधायक से कहा की हाथियों के द्वारा सैकड़ों एकड़ फसल को बर्बाद कर दिया वन विभाग द्वारा अब तक एक रूपया मुआवजा राशि नहीं दिया गया है।





### अफसरों की लापरवाही की शिकायत करूंगा : ध्रुव

विधायक ने वन विभाग के अफसरों पर लापरवाही का गंभीरा आरोप लगाते हुए कहा की हाथी प्रभावित गांवो में ग्रामीणों को वन विभाग द्वारा सुरक्षा की कोई सुविधा मुहैया नहीं करायी गई है गांव वालों को टॉर्च और मशाल तक की व्यवस्था वन विभाग द्वारा नहीं किया जा रहा है। दो दिन के भीतर रायपुर पहुंचकर वनमंत्री केदार कश्यप से मुलाकात कर इस समस्या से अवगत कराउंगा। इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस मैनपुर अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेंदू यादव, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सोहन नागेश, महामंत्री नेहाल नेताम, डोमार साहू, अशोक दुबे, रोशन राठौर, रामसिंह नागेश, पूरन मेश्राम, सरपंच घनश्याम नागेश, सरपंच दुलेश्वरी नागेश, डिगेश्वरी साण्डे, लोकेश साण्डे, कंवल सिंह, भानुशंकर पांडे, दयाराम यादव सहित सैकड़ो की संख्या मे ग्रामीण उपस्थित थे और पुलिस के जवान सुरक्षा मे तैनात थे।

### मुआवजा के साथ टॉर्च, मशाल सायरन देने की मांग की

ग्राम छिन्दौला में हाथी मित्र दल के सदस्यों ने कहा कि उन्हे 09 माह से विभाग द्वारा मजदूरी राशि वेतन नहीं मिला है और वाहन की भी सुविधा नहीं है। सरपंच घनश्याम नागेश, दुलेश्वरी नागेश, डिगेश्वरी सांडे व ग्रामीणों ने बताया प्रतिदिन दोपहर 3 बजे के बाद हाथियों का दल कोई न कोई गांव मे प्रवेश कर रहा है और हाथियों को गांव से बाहर खदेड़ने के लिए वन विभाग द्वारा अभीतक ग्रामीणों को टॉर्च, मशाल, मिटटी तेल, सायरन जैसे जरूरी संसाधन भी उपलब्ध नहीं कराया गया है जबकि इस क्षेत्र मे कई लोगों की मौत पूर्व में हाथी के हमले से हो चुकी है।

# मतदाता सूची का प्रकाशन आज

**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचक नामावली तैयार किए जाने हेतु जारी कार्यक्रम के अनुसार सभी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं। इसी तारतम्य में जिले में स्थानीय नगरीय निकाय के निर्वाचन हेतु 16 अक्टूबर को मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन किया जाएगा। आयोग द्वारा मतदाता सूची शुद्ध एवं निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने तथा 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले का नाम मतदाता सूची में जोड़ने के निर्देश दिए गए हैं। 16 अक्टूबर को मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन किया जाएगा। यह सूची जिले के नगरीय निकायों के चुनाव के लिए बनाई जा रही है, जिसमें सभी पात्र मतदाताओं के नाम शामिल होंगे। प्रारंभिक प्रकाशन के बाद सुधार का अवसर प्रारंभिक मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद, मतदाता अपने नाम की जांच कर सकेंगे। यदि किसी मतदाता का नाम सूची में नहीं है या उसमें किसी प्रकार की त्रुटि है, तो वे सुधरवा सकते हैं। निर्वाचन आयोग ने इसके लिए एक विशेष प्रक्रिया निर्धारित की है, जिसके तहत मतदाता सुधार, नाम जुड़वाने या हटाने के लिए आवेदन कर सकेंगे। तत्पश्चात निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन शुक्रवार 22 नवम्बर को किया जाएगा।

## पाठक सूचना

गरियाबंद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9993223300, 8370049468




प्रस्तुति-श्यामकिशोर शर्मा, ब्यूरोचीफ, हरिभूमि कार्यालय राजिम, जिला गरियाबंद, मो.नं.-79871-24123

## खबर संक्षेप



### उप मुख्यमंत्री साव ने किया आवेदनों और समस्याओं का तत्काल निराकरण

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित प्रदेश कार्यालय में आयोजित सहायता केंद्र में समस्याओं और आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के क्रम में सोमवार को प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने उपस्थित रहकर 100 से ज्यादा आए आवेदनों का त्वरित निराकरण किया। इस दौरान सहायता केन्द्र में सड़क, स्वास्थ्य, पेयजल, शिक्षा, आवास आदि से संबंधित एवं विकास कार्यों के आवेदन प्राप्त हुए। श्री साव ने इनमें से अधिकांश आवेदनों का निराकरण संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर चर्चा करके तत्काल किया और अन्य विभागों के आवेदनों के यथाशीघ्र निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिए। सहायता केंद्र में भाजपा प्रदेश महामंत्री जगदीश रामू रोहरा, रूपनारायण सिन्हा, अभनपुर विधायक इंद्र कुमार साहू और आरटीआई प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक विजय शंकर मिश्रा, भाजपा सहमीडिया प्रभारी अनुराग अग्रवाल आईटी सेल संयोजक सुनील पिल्लई उपस्थित रहे।

### महिलाओं का भी राजधानी रायपुर में पथ संचलन



**रायपुर।** विजयादशमी पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पुरुष के पथ संचलन के बाद दूसरे दिन महिलाओं का भी राजधानी रायपुर में पथ संचलन किया गया। राष्ट्र सेविका समिति विश्व का सबसे बड़ा महिला संघटन है। राष्ट्रहित राष्ट्रकार्य में यह संगठन गत 88 वर्षो से कार्यरत है। समिति के द्वारा अनुशासन, देशभक्ती, सेवा भाव से संपूर्ण भारत में 1000 से अधिक सेवा कार्य चलते हैं। यह संगठन 1936 में विजयादशमी को लक्ष्मीबाई केलकर के द्वारा स्थापित किया गया था। उसी के उपलक्ष्य में विजया दशमी के सुअवसर पर सुसंगठित शक्ति के दर्शन के लिए हर वर्ष राष्ट्र सेविका समिति द्वारा पथसंचलन आयोजित किया जाता है। इस वर्ष का पथ संचलन अवन्ति विहार के विद्या निकेतन विद्यालय से आरंभ हुआ। इस संचलन में 225 महिलाओं ने हिस्सा लिया।

### विश्वकर्मा को दिया गया कैबिनेट मंत्री का दर्जा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष पूर्व आईएएस आरएस विश्वकर्मा को राज्य शासन ने कैबिनेट मंत्री दर्जा दिया है। राज्य शासन द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि राज्य शासन ने कैबिनेट मंत्री का दर्जा केवल शिष्टाचार के लिए प्रदान किया है। उन्हें नियमानुसार सुविधाएं उपलब्ध कराने का उत्तरदायित्व संबंधित प्रशासकीय विभाग यानि छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग का होगा। उल्लेखनीय है कि राज्य में नगरीय निकायओं और पंचायती राज संस्थाओं में चुनाव में ओबीसी के लिए आरक्षण की अनुशंसा करने इस आयोग का गठन सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर किया गया है।

### ब्राह्मण समाज से बनाएं प्रत्याशी, भाजपा-कांग्रेस से रखेंगे मांग

**रायपुर।** ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधिमंडल द्वारा 15 अक्टूबर को सुबह 9.30 बजे प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण देव को ज्ञापन सौंपकर आगामी होने वाले दक्षिण विधानसभा उपचुनाव में ब्राह्मण समाज से प्रत्याशी दिए जाने का पुरजोर मांग की जाएगी। इसके बाद रावणभाठा से कारों के काफिले के साथ शंकर नगर स्थित राजीव भवन पहुंचकर, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष से मिलकर इस संबंध में ज्ञापन सौंपा जाएगा। ब्राह्मण समाज के अरुण शुक्ला, नरेंद्र तिवारी, अविनाश शुक्ला, नटराज शर्मा, राजेंद्र दुबे एवं चंद्रप्रकाश ब्यास, सुरेश शुक्ल का कहना है कि रायपुर दक्षिण विधानसभा में ब्राह्मण समाजजन बड़ी संख्या में निवास करते हैं। सही मायने में इस विधानसभा में ब्राह्मण समाज सबसे बड़े मतदाता के रूप में है, जिनका अन्य सभी समाज के साथ बराबर का समन्वय वर्षों से बना हुआ है।

# रायपुर दक्षिण उपचुनाव के ऐलान से पहले प्रत्याशी तय करने भाजपा की तैयारी

## अचानक कोर ग्रुप की बैठक में दावेदारों के नामों पर मंथन, दिल्ली भेजा जाएगा पैनल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर दक्षिण के उपचुनाव के लिए ऐलान होने से पहले ही भाजपा की प्रत्याशी की घोषणा करने की तैयारी है। रविवार को अचानक दिल्ली से नामों का पैनल भेजने के निर्देश आने के बाद आनन-फानन में प्रदेश कोर ग्रुप की बैठक बुलाकर दावेदारों के नामों पर चर्चा की गई। आधा दर्जन से ज्यादा नामों पर चर्चा के बाद नामों का पैनल भेजने की तैयारी है। इसी के साथ चुनाव की घोषणा से पहले क्या तैयारी करनी है, इसको लेकर भी रणनीति बनाई गई।

भाजपा के जानकारों का कहना है कि दिल्ली में जल्द ही केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक आज-कल में होने वाली है। ऐसे में दिल्ली से फोन आया कि रायपुर दक्षिण के लिए जो भी दावेदार हैं, उनके नामों पर चर्चा करके पैनल भेजा जाए। ऐसे में अचानक भाजपा कोर ग्रुप की बैठक बुलाई गई। प्रदेशाध्यक्ष किरण देव बस्तर में होने के कारण बैठक में शामिल भी नहीं हो सके।

जो भी सदस्य रायपुर में थे, उनको फोन करके तत्काल में कुशाभाऊ ठाकरे परिसर बुलाया गया। बैठक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा, केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लता उसेंडी, सरोज पांडेय, पूर्व अध्यक्ष और विधायक विक्रम उसेंडी, धरमलाल कौशिक, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, महामंत्री संजय श्रीवास्तव और रामू रोहरा बैठक में शामिल हुए।



### दावेदारों के नामों पर मंथन

भाजपा में आधा दर्जन से ज्यादा दावेदार हैं। इनमें रायपुर के पूर्व सांसद सुनील सोनी का भी नाम है। इसी के साथ नगर निगम की नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे, भाजपा के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, प्रदेश प्रवक्ता केदार गुप्ता, नगर निगम के पूर्व नेता प्रतिपक्ष सुभाष तिवारी, पार्षद मृत्युंजय दुबे और आरएसएस के विभाग प्रचारक रहे स्वर्गीय जगदीश जैन के पुत्र एवं वर्तमान में भाजपा के प्रदेश प्रशिक्षण सह प्रभारी अवधेश जैन भी शामिल हैं। इनके नामों पर चर्चा करते तय किया गया कि नामों का पैनल बनाकर दिल्ली भेजना है। भाजपा का राष्ट्रीय संगठन जिन भी राज्यों में उपचुनाव होने हैं, वहां पर चुनाव के ऐलान से पहले प्रत्याशी उसी तरह से तय करने की तैयारी में है, जिस तरह से विधानसभा चुनाव में चुनाव की घोषणा से पहले प्रत्याशी तय किए गए थे।

## मंत्रालय में सुबह 11 बजे शुरू होगी बैठक

# कैबिनेट की बैठक आज लिए जाएंगे कई निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में 16 अक्टूबर को कैबिनेट की बैठक मंत्रालय में होगी। कैबिनेट की बैठक में धान खरीदी के लिए बनी उपसमिति की रिपोर्ट पेश की जाएगी। वहीं निकाय चुनावों के लिए बनी समिति की रिपोर्ट पर भी चर्चा करने के बाद निर्णय लिए जाने की संभावना है। वही विभागों द्वारा पेश किए गए अन्य प्रस्तावों पर चर्चा के बाद निर्णय लिए जाएंगे।

बुधवार को सुबह 11 बजे मंत्रालय में होने वाली कैबिनेट में राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में इस साल होने वाली धान खरीदी की तारीखों पर निर्णय लिया जाएगा। धान खरीदी को लेकर मंत्रिमंडलीय उप समिति की बैठक 30 सितंबर को हुई थी। समिति की बैठक चर्चा की गई कि दीपावली का पर्व इस साल 31 अक्टूबर को है। राज्य के किसान पर्व को लेकर तैयारी में व्यस्त रहेंगे। उसके बाद छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस का कार्यक्रम होना है। ऐसे में धान खरीदी को लेकर प्रशासनिक इंतजाम पर असर पड़ सकता है। इसे देखते हुए इस बार धान की खरीदी को 15 नवंबर से कराए जाने पर चर्चा की गई है। अब कैबिनेट उप समिति के सुझाव के आधार पर खरीदी की की तारीख तय होगी। पिछले साल 144.92 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हुई थी। वहीं इस साल 160 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी का फैसला उपसमिति ने किया गया है, इस पर भी मुहर लगेगी। वहीं राज्य स्थापना दिवस, दीपावली पर्व के चलते 1 नवंबर के बजाय 4 नवंबर से समारोह का आयोजन किए जाने पर मुहर लगेगी। राज्योत्सव के दौरान होने वाले अलंकरण समारोह और अन्य मामलों पर चर्चा के बाद निर्णय लिए जाएंगे।




### निकाय और पंचायत चुनाव का भी प्रस्ताव

राज्य सरकार ने नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव एक साथ कराए जाने की संभावना का अध्ययन करने के लिए आईएएस ऋचा शर्मा की अध्यक्षता में कमेटी बनाई थी। कमेटी ने अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी है। कैबिनेट की बैठक में इसका प्रस्ताव रखा जा सकता है। बताया जाता है कि कमेटी ने दोनों चुनाव एक साथ कराए जाने की अनुशांसा की है। अब कैबिनेट समिति की अनुसंशा के आधार पर इस संबंध में निर्णय लेगी।

# बैज बोले- सूरजपुर की घटना बर्दाश्त के बाहर, सरकार लाचार

## सूरजपुर की घटना सरकार की लापरवाही का परिणाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर






प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, सूरजपुर की घटना भाजपा सरकार की लापरवाही का परिणाम है। भाजपा सरकार की प्राथमिकता में कानून व्यवस्था है ही नहीं, इसीलिये अपराधिक घटनायें बढ़ गयी हैं। सरकार अपराधियो पर लगाम कसने के बजाये उनकी संरक्षक बन गयी है।

उन्होंने भाजपा सरकार पर प्रहार करते हुए कहा, प्रदेश की क़ानून व्यवस्था दिनोदिन और बिगड़ते जा रही है और सरकार मूकबधिर बनकर बैठी हुई है। अब तो हत्या अपराध की घटनाएं बर्दास्त के बाहर हो गयी हैं। सरकार निकम्मी और लाचार बन गयी है। राज्य में जनता इतनी मजबूर हो गई कि अपराधियों का हिसाब खुद करने पर आमादा है। लोहारीडीह और अंबिकापुर में यही हुआ। राज्य में अपराधी इतने ज्यादा बेलगाम हो चुके हैं कि उनसे अब पुलिस वाले भी सुरक्षित नहीं। सूरजपुर आज का जीता-जागता उदाहरण है। उन्होंने कहा, पुलिस अपराध तो रोक नहीं पा रही, उलटे निर्दोष लोगों को प्रताड़ति कर रही है। अर्जुन्दा में एक निर्दोष युवक की इतनी पिटाई की गयी कि उसकी हालत देख कर उसके पिता की मृत्यु हो गयी। कवर्धा के लोहारीडीह में पुलिस की लापरवाही से तीन लोगों की मौत हो गयी। उन्होंने कहा, सत्ता में बैठे लोग अपराधियों को संरक्षण देते हैं, इसलिये अपराधियों के हौसले बुलंद हैं।

### ये क्या हो रहा है हमारे छत्तीसगढ़ में : बघेल

सूरजपुर घटना पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, जनता के मन में कानून व्यवस्था और सरकार से पूरी तरह विश्वास इस कदर उठ चुका है कि जनता अब स्वयं न्याय करने निकल पड़ी है। उन्होंने ट्विट कर कहा, लगने लगा है कि शांति का टापू कहे जाने वाले हमारे प्रदेश से कानून नाम की चीज समाप्त हो चुकी है। सूरजपुर में प्रधान आरक्षक की पत्नी और बेटी की हत्या कर दी गई। उसी हत्यारे ने इस घटना से पहले एक आरक्षक पर गर्म तेल उड़ेला था। जनता के मन में कानून व्यवस्था और सरकार से पूरी तरह विश्वास इस कदर उठ चुका है कि जनता अब स्वयं न्याय करने निकल पड़ी है। घरों में आगजनी की घटनाएं सुनकर व्यथित हूं। कवर्धा के लोहारीडीह में भी यही हुआ था, इससे पहले लोगों ने कलेक्टोरेट में आग लगा दी थी। मैं सभी से शांति की अपील करता हूं और विनम्र प्रार्थना करना चाहता हूं कि वे क़ानून व्यवस्था अपने हाथों में न लें। शासन प्रशासन से स्थिति नियंत्रित करने की अपेक्षा है।

# मुख्यमंत्री साय की पहल, केंद्र ने आठ सड़कों के लिए मंजूर किए 892 करोड़

## 6 जिलों में 324 किमी सड़क का होगा विकास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



■ केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय का आदेश

केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने छत्तीसगढ़ में आठ सड़क खंडों के विकास के लिए 892 करोड़ 36 लाख रुपए मंजूर किए हैं। इस राशि से राज्य के छह जिलों में करीब 324 किलोमीटर सड़कों के विकास और उन्नयन के कार्य किए जाएंगे। खास बात ये है कि भारत सरकार ने सोमवार को राशि स्वीकृति का आदेश राज्य शासन के लोक निर्माण विभाग के सचिव को भेजा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राज्य में सड़कों के विकास के लिए इतनी बड़ी राशि देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को धन्यवाद दिया है।

### इन 8 जिलों में बनेंगी सड़कें

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने सीआरआईएफ से मंजूर की गई इस राशि के लिए भारत सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य में सड़कों के निर्माण में केंद्र सरकार का लगातार सहयोग मिल रहा है। इस राशि से बेमेतरा, मुंगेली, राजनांदगांव, जशपुर, बिलासपुर और खैरागढ़ जिले में आठ सड़क खंडों का चौड़ीकरण, मजबूतीकरण और उन्नयन होगा। भारत सरकार द्वारा मंजूर की गई 892 करोड़ 36 लाख रुपए की राशि से बेमेतरा और मुंगेली जिले में नांदघाट-मुंगेली सड़क खंड में 39 किलोमीटर लंबाई और बेमेतरा-नवागढ़-मुंगेली सड़क खंड में 43 किलोमीटर लंबाई का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण किया जाएगा। राजनांदगांव जिले के डोंगरगांव-चौकी-मोहला मानपुर सड़क खंड में 96.2 किलोमीटर, जशपुर जिले के बागबहार-कोतबा सड़क खंड में 13.5 किलोमीटर, लुड़ेंग-तपकरा-लावाकेरा सड़क खंड में 41 किलोमीटर और जशपुर-आस्टा-कुसमी सड़क खंड में 28 किलोमीटर लंबाई के मजबूतीकरण का कार्य भी इनमें शामिल हैं। बिलासपुर जिले के सिरगिट्टी-सरवानी-पसीद-अमलडिहा-बरतोरी-दगोरी सड़क खंड के 32.8 किलोमीटर तथा राजनांदगांव और खैरागढ़ जिले के राजनांदगांव-कवर्धा-पोंडी सड़क खंड के 30.4 किलोमीटर का चौड़ीकरण और मजबूतीकरण का कार्य भी इस राशि से किया जाएगा।

# जो दुखियों की सेवा करता वह हो जाता है धन्य : रूपसिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर






समाजिक कार्यकर्ता एवं इलाज वाले बाबा के नाम से मशहूर रूपसिंग साहू का जन्मदिन सोमवार को मांडव्य ऋषि आश्रम मड़वाडिही में मनाया गया। जिसमें पूर्व सासंद चुन्नी लाल साहू, विधायक रोहित साहू, पूर्व सासंद चन्दूलाल साहू, सीएस कुनकुरी हाउस तुलसी कौशिक, गुण्डरदेही पूर्व विधायक विरेन्द्र साहू, पूर्व महासमुंद जिला पंचायत अध्यक्ष छत्तर सिंग, वरिष्ठ भाजपा जिला पंचायत सदस्य चन्द्रशेखर साहू, प्रदेश साहू संघ उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता रामू राम साहू, विधायक प्रतिनिधि विजय कंडरा, राभस राजिम लाला साहू, जिला भाजपा किसान मोर्चा अध्यक्षमनीष हरित जिला पंचायत सदस्य मधुबाला रात्रे, भाजपा नेत्री देवकी साहू सहित कार्यकर्ता जन्मोत्सव में शामिल हुए। इस मौके पर माडल ब्लड बैंक द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित थे जिसमें 76 लोगों ने रक्तदान किया। साहू ने माण्डव्य ऋषि आश्रम पहुंचकर वहां स्थापित देवी देवताओं की पूजा की। वहीं भोजन की व्यवस्था की गई थी। रुपसिंह ने गरीब पीड़ित को अंग वस्त्र भेंट किया। वही दिव्यांग एंव क्षेत्र के पत्रकार, समाज सेवकों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के अंत में रूपसिग साहू ने कहा की जो दुखियों की सेवा करता हैं वह धन्य हो जाता है। जो भी प्रत्यक्ष अप्रत्येक्ष सहयोगी को मेरे जन्मदिन को यादगार बनाया आप सभी का प्यार और समर्थन मेरे लिए अनमोल है। आपके समर्थन और स्नेह के लिए मैं हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ। इस दौरान नेश्वर साहू चैत्ररा, मदन साहू, प्रिया साहू, रिकेश साहू, किशोर साहू, विजय, होरी लाल, गजेन्द्र निषाद, लखन तिवारी, लोक गायिका सावित्री मंडावी, साक्षी साहू, मोती राम, भीखम साहू, ईश्वरी साहू, परमानन्द यादव, अंकुर पहाड़िया, अश्वनी साहू, सरपंच रोबा मंगलू राम साहू, अघन सिंग ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य मधुबाला रात्रे, राजकुमार यादव, जीवन साहू, हेमन्त साहू, जगदीश यादव, विश्राम निषाद , नंदुयादव, ईश्वरी, रेखू, बिसहत, पत्रकार भागीरथी सिन्हा, अंकुर पहाड़िया उपस्थित थे।

# एनआरआई कोटे का मामला पहुंचा राजभवन, कांग्रेस के बाद भाजपा ने भी उठाए सवाल, कार्यवाही की मांग

## कांग्रेस-भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ ने गवर्नर को भेजा पत्र, करोड़ों की धांधली की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दूर के रिश्तेदारों के सर्टिफिकेट के आधार पर निजी मेडिकल कॉलेजों में एनआरआई कोटे से एडमिशन का मामला राजभवन तक पहुंच गया है। करोड़ों रुपए की धांधली की आशंका के साथ कांग्रेस के साथ भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ ने भी इस आवंटन पर सवाल खड़े किए हैं। मामले की गहराई से जांच और सुप्रीम कोर्ट के निर्देश का पालन करने के साथ जिम्मेदारों पर कार्यवाही की मांग भी की जा रही है।

कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता ने गवर्नर रामेन डेका को पत्र भेजकर मामले में हस्तक्षेप की मांग की है। वहीं भारतीय जनता पार्टी चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक एवं प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विमल चोपड़ा ने मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री को पत्र भेजकर आशंका जताई है कि एनआरआई कोटे की सीट इस प्रमाणपत्र की आड़ में अपात्रों को एक से डेढ़ करोड़ में बेची जा रही है। दोनों पार्टियों के चिकित्सा प्रकोष्ठ ने मामले में हस्तक्षेप की मांग की है। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पंजाब हाईकोर्ट के फैसले को सही करार देते हुए नाना, मामा, मौसी, बुआ जैसे रिश्तेदारों के विदेश में रहने के नाम पर सर्टिफिकेट तैयार कर एनआरआई सीट प्राप्त करने की प्रक्रिया को फर्जीवाड़ा माना गया था और इस पर तत्काल रोक लगाने की तल्ख टिप्पणी भी की थी।

### हरिभूमि की खबर का असर, एनआरआई कोटे पर महाधिवक्ता से मांगी राय, स्वास्थ्य मंत्री ने कहा- होगी आवश्यक कार्यवाही




### चिकित्सा शिक्षा के जिम्मेदारों पर हो कार्रवाई

भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ. विमल चोपड़ा ने इस मामले की गहराई से जांच करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2018 से चल रहे इस मामले में करोड़ों का बंदरबाट हुआ है, जिसकी जांच कर वास्तविकता सामने लाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मामले में चिकित्सा शिक्षा विभाग के जो अधिकारी जिम्मेदार हैं, उनके खिलाफ भी कार्यवाही की जानी चाहिए।

### आदेश की अवमानना

कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने इस मामले में 24 सितंबर को टिप्पणी की थी। इसके बाद 27 सितंबर से राज्य में काउंसिलिंग की प्रक्रिया वर्ष 2018 के नियमानुसार प्रारंभ की गई है, जो सर्वोच्च न्यायालय की अवमानना प्रतीत होती है। इसमें आदेश का पालन करते हुए अप्रवासी छात्रों का प्रवेश निरस्त किया जाए। एक निर्धारित तिथि तक कोटे के विद्यार्थी उपलब्ध नहीं होने पर इसमें नीट उत्तीर्ण छात्रों को प्रवेश देने का मौका दिया जाए।

# 55 नई एवं 4 पुरानी राशन दुकानों के लिए मंगाए आवेदन, जल्द होगा आवंटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर नगर निगम क्षेत्र में उचित मूल्य की 55 नई राशन दुकाने खुलेंगी। इसके लिए खाद्य विभाग ने 25 अक्टूबर तक आवेदन मंगाए हैं। इससे पूर्व राजधानी में 228 दुकाने संचालित हैं। नई दुकानों के खुलने के बाद राशन दुकानों की संख्या बढ़कर 287 हो जाएगी। नई दुकानों के अलावा 4 पुरानी दुकानों के लिए भी आवेदन मंगाए गए हैं। ये चारों दुकाने अभी तक अटैच में थी। इन दुकानों का अलग-अलग कारण से आबंटन निरस्त किया गया था। हितग्राहियों को खाद्यान्न मिलने में परेशानी न हो, इसका ख्याल करते हुए इन चारों दुकानों को दूसरी समितियों में अटैच किया गया था। अब इन अटैच दुकानों के लिए भी आवेदन मंगाए गए हैं। विभागीय अधिकारियों के अनुसार नगर निगम



रायपुर क्षेत्र में 55 नई राशन दुकान खोलने के लिए अनुमोदन प्रस्ताव को स्वीकृति मिल चुकी है। इसके साथ ही अब जल्द ही इन दुकानों को आबंटन के लिए विज्ञापन जारी कर आवेदन मंगाए जाएंगे। आवेदन देने के लिए निर्धारित अवधि तय की जाएगी। तय अवधि के दौरान आवेदनों के दस्तावेजों का परीक्षण के बाद दुकानें आबंटित की जाएंगी। नई दुकानें कौन-कौन से वार्ड में खुलेंगी, इसका भी निर्धारण कर लिया गया है। इसके तहत 29 वार्डों में ये दुकानें खोली जानी हैं।

### 32 वार्डों में खुलेंगी 55 नई दुकानें

शहर में 55 नई दुकानों को खोलने के लिए वार्ड तय कर लिए गए हैं। इसके तहत 55 नई दुकाने 32 वार्डों में खोली जाएंगी। विभागीय अधिकारियों के अनुसार जिन वार्डों में राशन दुकानों में पंजीकृत कार्ड धारकों की संख्या 500 से ज्यादा है। उसे ध्यान में रखते हुए वार्ड में नई दुकानें खोली जा रही हैं।

### 59 दुकानों के लिए मंगाए गए आवेदन

कलेक्टर की मंशा है कि हितग्राहियों को राशन लेने में किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसे ध्यान में रखकर रायपुर नगर निगम क्षेत्र में 55 नई सहित 59 राशन दुकानों के लिए 25 अक्टूबर तक आवेदन मंगाए गए हैं।

\- **भूपेंद्र मिश्रा,** जिला खाद्य नियंत्रक

## खबर संक्षेप



### सड़कों पर बैठे मवेशी हादसों का अंदेशा

**मैनपुर।** क्षेत्र में धान की फसल पक कर तैयार होने को है और गांव में खुलेआम मवेशी सड़कों, बाजारों, नेशनल हाइवे के ऊपर, खेत खलियानों में घुम रहे हैं। गौठान सूने पड़े हुए है फसलों को मवेशियों के द्वारा नुकसान पहुंचाया जा रह है और तो और नेशनल हाइवे में रात के समय मवेशियों के जमघट से कई बार गंभीर दुर्घटनाएं क्षेत्र में सामने आई है। इन दिनों नेशनल हाईवे 130 सी मैनपुर नगर में व गौरघाट, धवलपुर, नवागढ़ तथा झरियाबाहरा के पास सड़क में 24 घंटे मवेशियों का झुंड देखा जा सकता है। रात को यह मवेशी सड़क में बैठे रहते हैं जिससे भारी वाहनों व वाहन चालकों के साथ हमेशा दुर्घटना की अंदेशा बनी रहती है कई बार दुर्घटना भी घट चुकी है।

### बिल्ली को दूध पिला रही कुतिया



**छुईहा बेलर।** मंदिर परिसर में एक कुतिया जमीन पर लेटी हुई नजर आ रही है। तभी वहां एक बिल्ली आता है और उसका दूध पीना शुरू कर देता है। बिल्ली को दूध पिलाने वाली कुतिया जरा भी अलग रिएक्शन नहीं देती शांत भाव से अपने बच्चे की भांति देख रही थी।

### मतदान केन्द्रों की सूची प्रकाशित

**गरियाबंद।** मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण 2025 अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र 54 राजिम एवं 55 बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा के मतदान केन्द्रों का प्रकाशन कर दिया गया है। मतदान केन्द्रों की सूची की जानकारी जिले के तहसील कार्यालय, जनपद पंचायत कार्यालय, नगर पालिका एवं पंचायत भवन आदि में उपलब्ध कराया गया है। आमजन मतदान केन्द्रों की सूची का अवलोकन कर सकते हैं।

### नशामुक्ति के लिए चलाया निजात अभियान

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष सिंह (नापुसे) द्वारा जिले में अपनी पदस्थापना के बाद से समाज में लोगों को नशा से मुक्त करने के लिए निजात अभियान चलाया जा रहा है, जिसे पूरे रायपुर जिले में एसएसपी के मार्गदर्शन में सभी थाना प्रभारी द्वारा निजात जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में सक्षम सेवा संस्थान देवेंद्र नगर से सचिव अविनाश चटर्जी, कार्यालय प्रमुख सतीश कुमार, जिला महिला प्रमुख डॉ. संगीता कश्यप व जिला युवा प्रमुख सुभाष जंघेल द्वारा सोमवार को आजाद चौक थाने में काउंसिलिंग पुलिस की उपस्थिति में की गई।

# देर रात निकली शाही सवारी, राजा निलेन्द्र से लोगों ने की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फिंगेश्वर

## पुराने राजमहल के प्राचीन किले को आकर्षक रुप से सजाया गया





नगर में मंगलवार को दशहरा पर्व राज परिवार एवं नगर के नागरिकों के द्वारा उत्साह पूर्ण मनाया गया। सुबह दफतर पूजा सहित सभी मंदिरो के देवी- देवताओं की पूजा अर्चना की गई। जिसमें मौली माता के मंदिर में राजा नीलेन्द्र बहादूर ने शीश नवाकर पूजा अर्चना की रात्रि पान भेंट सुपारी का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें पूर्व विधायक अमितेश शुक्ल व अन्य नेताओं के साथ नगर के नागरिक सहित दूर -दूर से पहुंचे लोगों ने राजा से भेंट की। वहीं पर निलेन्द्र बहादूर सिह ने सभी का आभार जताया। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ट नेता बिसौहा हरित, डोंगर मरकाम, ओमप्रकाश साहू, रामाधार साहू, टीकेश साहू, रामूराम साहू, नोस साहू, परमानंद यदु सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। देर रात राजा की शाही सवारी निकली। पर्व को लेकर मौलीपारा अन्यत्र स्थानों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। रात तक कार्यक्रम के संचालन नहीं होने के कारण इस वर्ष पर्व में पहले की अपेक्षा भीड़ कम रही। शांति एवं यातायात व्यवस्था को लेकर पुलिस बल तैनात रहे। दशहरा पर्व को लेकर इस बार भी मिठाई, खिलौना, चाट, मनीहारी आदि का स्टाल लगाये गये थे। वहीं पर बच्चों की ट्रेन गाड़ी, जंपिंग, फिसल पट्टी, मिकी माउस आदि बच्चों सहित, युवाओं, महिलाओं के आकर्षण का केन्द्र रहा। पुराने राजमहल को झालर लाइट से सजाया गया था जिसे देखन लोगों की हूजूम लगी रही। कार्यक्रम को सफल बनाने मंदिर ट्रस्ट के ट्रस्टीयों सहित कर्मचारियों का सहयोग रहा।

# शरदोत्सव में सांसद बृजमोहन व विधायक इंद्रकुमार होंगे शामिल







**नवापारा-राजिम।** शरदोत्सव का आयोजन 16 अक्टूबर को शाम 6 बजे से रायपुर रोड स्थित एफसीआई गोदाम के पास विप्र भवन में होने जा रहा है। इस भव्य कार्यक्रम में प्रदेश के कद्दावर नेता रायपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद बृजमोहन अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में पहुंच रहे है। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्राम्हण समाज के संरक्षक पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय करेंगे। अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक इंद्रकुमार साहू मौजूद रहेंगे। यह जानकारी देते हुए नगर पालिका परिषद के नेता प्रतिपक्ष प्रसन्न शर्मा, समाज के वरिष्ठ कै लाश शुक्ला,नगर पालिका के पूर्व सभापति रमेश तिवारी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कांग्रेस नेता सौरभ शर्मा ने बताया कि ब्राम्हण समाज इस बार शरद पूर्णिमा को बहुत ही जोर-शोर से मनाने जा रहा है। इस कार्यक्रम को भव्य रूप में आयोजित करने के लिए समाज के कोर कमेटी-आयोजन समिति के अध्यक्ष श्यामकिशोर शर्मा सहित समाज के वरिष्ठजन जिसमें कैलाश शुक्ला, प्रसन्न शर्मा, रमेश तिवारी, सौरभ शर्मा, ज्ञानेश शर्मा, अनंत पुराणिक, अजय तिवारी, मनहरण शर्मा, गुड्डू मिश्र, कैलाश तिवारी शानदार तैयारी कर रहे है। शरद पूर्णिमा इस बार वृहद रूप में मनाया जाएगा एवं समाज के लोगों को एकजुट कर संगठित किया गया है। इस अवसर पर शाम 6 बजे ब्रम्हचर्य आश्रम के 73 ब्रम्हचारी बाल पंडितों का स्वस्तिवाचन पंडित कन्हैया तिवारी, संतोष मिश्रा, पदुम पांडे के नेतृत्व में होगा। इसके बाद रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होगा। कार्यक्रम में नवापारा-राजिम, अभनपुर, किरवई, पोड़, पारागांव, तर्री, कोपरा, पांडुका सहित आस-पास के गांव के समाज के लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहेंगे।

# आयुष्मान से दूर दांतों का इलाज सरकारी में सुविधाएं ही नहीं

## निजी अस्पतालों में कट रही मरीजों की जेब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- अलग-अलग बीमारियों के इलाज का पैकेज तीन हजार से एक लाख तक

प्रदेश के लोगों को निशुल्क स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के दावों के बीच दांतों की बीमारी से जूझने वाले मरीजों की जेब अभी भी निजी अस्पतालों में कट रही है। एकमात्र शासकीय डेंटल कालेज और कुछ हेल्थ सेंटरों में इसकी सुविधाएं सीमित हैं, जिसकी वजह से मरीजों को प्राइवेट डेंटिस्ट के पास जाना पड़ता है। निजी अस्पतालों में दांतों की बीमारियों के इलाज का पैकेज तीन हजार से लेकर एक लाख रुपए तक है।

करीब पांच साल पहले निजी डेंटिस्टों द्वारा दांतों की बीमारी के नाम पर अनावश्यक इलाज करने की बड़ी शिकायतों के बाद इसके उपचार की सुविधा को आयुष्मान स्वास्थ्य योजना के पैकेज से बाहर कर दिया गया था। इसके बाद सरकारी सेक्टरों में दांतों की बीमारी के उपचार के लिए आवश्यक सुविधाएं जुटाने की योजना थी, जो अब तक पूरी



तरह से सफल नहीं हो पाई है। राज्य के एकमात्र शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय में पुरानी मशीनों के भरोसे आने वाले मरीजों की जांच की जा रही है। यहां आधुनिक सुविधाओं वाली विभिन्न तरह की जांच मशीन खरीदने का प्रस्ताव है, मगर खरीदी की प्रक्रिया शासकीय व्यवस्था के तहत अटकी पड़ी है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और जिला अस्पताल स्तर पर डेंटिस्टों की नियुक्ति की गई है, मगर उन्हें संसाधन सीमित मात्रा में दिया गया है, जिसकी वजह से प्रारंभिक जांच अथवा दांत उखाड़ने की प्रक्रिया पूरी कर मरीजों को डेंटल कालेज अथवा निजी क्लीनिक जाने की सलाह दी जाती है। दांतों की बीमारी आयुष्मान स्वास्थ्य योजना से बाहर है, इसलिए मरीजों को निजी अस्पतालों में जाकर इलाज के लिए ज्यादा राशि खर्च करनी पड़ती है।

### दंत चिकित्सालय की मशीनें आउटडेटेड

सूत्रों के अनुसार राज्य में एकमात्र शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय राजधानी में संचालित होता है। यहां पढ़ाई के साथ आने वाले मरीजों को उपचार की सुविधा भी दी जाती है। सूत्रों के अनुसार यह की ज्यादातर मशीन आउटडेटेड हो चुकी हैं, जिसकी वजह से अधिक जांच के बाद यह बंद हो जाती है और जरूरतमंद मरीजों को अगली तारीख देनी पड़ती है। यहां सीबीसीटी मशीन की खरीदी की प्रक्रिया अभी तक सीजीएमएससी पूरी नहीं कर पाई है। रोजाना ओपीडी में आने वाले चार सौ में से करीब डेढ़ सौ मरीजों को जांच के लिए अगली तारीख देनी पड़ती है।

### उपचार के लिए डेंटल चेयर उपलब्ध

सूत्रों के अनुसार राजधानी समेत प्रदेश के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में डेंटिस्ट की नियुक्ति की गई है। उन्हें उपचार के लिए डेंटल चेयर उपलब्ध कराया गया है, मगर अन्य संसाधन नहीं दिए गए हैं। जिले में आयुर्वेदिक अस्पताल, गुढ़ियारी, भाठागांव तथा धरसींवा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में डेंटिस्ट की नियुक्ति की गई है जो मरीजों की जांच और उपलब्ध संसाधनों से मरीजों का इलाज कर रहे हैं।

### निजी अस्पतालों में दांतों का महंगा इलाज

| बीमारी | औसतन खर्च |
| --- | --- |
| इंप्लाट | 20 से 25 हजार रुपए |
| मसूड़े की सर्जरी | 20 हजार रुपए |
| आरटीसी | 3 से 7 हजार रुपए |
| कैप कव्हर | 3 से 9 हजार रुपए |
| जबड़े का फ्रेक्चर | 50 हजार से 1 लाख |
| बत्तीसी लगाने का व्यय | 30 से 50 हजार |

# रोजगार दो, नशा नहीं, युवा कांग्रेस का कल दिल्ली में प्रदर्शन

**रायपुर।** युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा ने कहा, रोजगार को लेकर दिल्ली में कांग्रेस बड़ा प्रदर्शन करने जा रही है। प्रदर्शन में देशभर से युवा कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल होंगे। दिल्ली के बाद पूरे प्रदेश में सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करेंगे। 16 अक्टूबर को होने वाले प्रदर्शन के दौरान नशे को खत्म करने और युवाओं को रोजगार देने की मांग की जाएगी। प्रदर्शन में छत्तीसगढ़ से भी सैकड़ों की संख्या में युवा कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल होंगे। युवा कांग्रेस के मुताबिक छत्तीसगढ़ से करीब 1200 कार्यकर्ता इस आंदोलन में शामिल होंगे। युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा ने इस मौके पर एक पोस्टर भी जारी किया। प्रदर्शन में नव नियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब के नेतृत्व में पूरे देश भर से आए युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं प्रदर्शन किया जाएगा। केंद्र की मोदी सरकार को नींद से जागने का प्रयास करेंगे।

- छत्तीसगढ़ से युवा कांग्रेस के 1200 से अधिक कार्यकर्ता होंगे शामिल

# कांग्रेस गरीब और मध्यवर्गीय परिवारों की लड़ाई लड़ेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

साइंस कॉलेज यूथ हब में बुलडोजर चलाने को लेकर पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने बयान में कहा कि रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल और पश्चिम विधायक राजेश मूणत सत्ता के नशे में अपना मानसिक संतुलन खो बैठे हैं। लगभग साल-डेढ़ साल से उस यूथ हब में स्टाल का संचालन हो रहा है, जबकि इसे लेकर पूर्व मंत्री मूणत द्वारा पूर्व में अफवाह फैलाई गई कि इसके खुलने से अपराध को बढ़ावा मिलेगा, नशे का कारोबार बढ़ेगा, चाकूबाजी और

# अधर्म की हार और धर्म की जीत का महापर्व दशहरा : ऋचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

सोनडोंगरी सेवा संघ द्वारा ग्राम सोनडोंगरी में दशहरा उत्सव आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे की नेत्री ऋचा जोगी शामिल हुईं और कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान राम ने अपने जीवन चरित्र में एक पुत्र के रूप में पुत्र धर्म और एक राजा के रूप में जो राजधर्म का पालन करते हुए त्याग और तपस्या का महान उदाहरण प्रस्तुत किया, वह हमारी सांस्कृतिक विरासत है। उन्होंने कहा, 14 वर्ष तक वनवास में रहते हुए भगवान राम ने देश के असंख्य लोगों के बीच सत्य, प्रेम, दया और मर्यादा का का संदेश पहुंचाया। रावण का दहन कर अहंकार और असत्य को पराजित किया।

उन्होंने कहा, दशहरे का दिन एक ऐतिहासिक और विशेष दिन है, यह दिन सिर्फ रावण दहन करने का नहीं, बल्कि अपने अंदर की बुराईयों को मारकर सत्य पर विजय



पाने का दिन है, अंधकार को हराकर उजाले की ओर जाने का दिन है, अधर्म की हार और धर्म की जीत का महापर्व है दशहरा। ऋचा जोगी राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री स्व. अजीत जोगी की पुत्रवधू और जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी की धर्मपत्नी हैं। कार्यक्रम में पार्टी के संगठन मंत्री सौरभ झा, जिला अध्यक्ष संदीप यदु, अजीत जोगी युवा मोर्चा के अध्यक्ष गौरव सिंह, अमन वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# दबनई से छिन्दौला मार्ग में गड्ढों से दुर्घटना बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

मैनपुर गरियाबंद नेशनल हाईवे मार्ग से दबनई होकर छिन्दौला जाने वाला प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत करोड़ों रुपए की लागत से निर्माण किए गए सड़क की हालत बद से बदत्तर हो गई है। इस सड़क में इन दिनों दुर्घटनाए बढ़ गई है। आए दिन मोटर सायकल चालक व चार पहिया वाहन दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। फरसरा से लेकर छिन्दौला तक सड़क की हालत बेहद खराब हो गई है। सड़क में बड़े-बड़े गिट्टी बोल्डर उखड़ गए है इस सड़क की मरम्मत की मांग ग्रामीणों द्वारा किया जा रहे है।



# गरीबों के खाते में पेंशन की रकम, तीन माह बाद राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

नगर निगम के 10 जोन के 70 वार्डों में रहने वाले गरीब व जरूरतमंद 30 हजार पेंशनरों के लिए राहत भरी खबर है। समाज कल्याण विभाग ने बुजुर्ग, निराश्रित, दिव्यांग हितग्राहियों को होने वाली परेशानी को ध्यान में रखते हुए उनके 3 माह की लंबित पेंशन राशि के लिए फंड जारी कर दिया है। गांधी सदन स्थित निगम मुख्यालय की पेंशन शाखा के माध्यम से संबंधित हितग्राहियों के खाते में पेंशन की लंबित रकम डाली जा रही है। जुलाई से लंबित पेंशन राशि को लेकर हरिभूमि ने पेंशनरों की परेशानी का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। इसे संज्ञान में लेते हुए अब 30 हजार पेंशनरों को राहत देने लंबित पेंशन राशि का भुगतान होना शुरू हो गया है। नगर निगम द्वारा केंद्र व राज्य शासन की आधा दर्जन विभिन्न जनहितैषी योजनाओं के तहत पात्र हितग्राहियों को प्रति माह 500 रुपये पेंशन की पात्रता है, जबकि 80 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों को 650 रुपए प्रतिमाह पेंशन की राशि प्रदान की जाती है। नगर निगम सीमा क्षेत्र में 30 हजार पेंशनर हैं, जिन्हें पेंशन राशि का भुगतान प्रति माह वार्डो में लगने वाले शिविर में किया जाता है। विदित हो कि जुलाई से गरीब व जरूरतमंद पेंशनरों को पेंशन नहीं मिलने से उन्हें भटकना पड़ रहा था। इससे दवाई, इलाज सहित अन्य जरूरतों के लिए उन्हें परेशानी हो रही थी। भुक्तभोगियों ने वार्ड पार्षद से लेकर जोन के अधिकारी व निगम आयुक्त से लेकर महापौर तक अपनी परेशानी बताई। नगर निगम की सामान्य सभा के प्रश्नकाल में यह मुद्दा जोर-शोर से छाया रहा। हाल ही में समाज कल्याण विभाग की ओर से फंड जारी होने के बाद पेंशनरों के लंबित पेंशन अब उनके खाते में डालने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

- समाज कल्याण विभाग से राशि जारी

### प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र खोलने के लिए मंगाए आवेदन


रायपुर। प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना के अंतर्गत नवीन जन औषधि केंद्र खोलने के लिए सेवा संस्थान, सहकारी समिति, सोसाइटी और पंजीकृत फार्मासिस्ट एवं अन्य से आवेदन पत्र मंगाए गए हैं। जन औषधि प्रपत्र भरकर स्थानीय कार्यालय में रजिस्टर्ड डाक, स्पीड पोस्ट के माध्यम से अथवा स्वयं उपस्थित होकर आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं। पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि 21 अक्टूबर है।

NX MODULAR KITCHEN Galaxy NX
/KitchenGalaxyNXModular
स्पॉट बुकिंग पर 2 ग्राम सोने का सिक्का फ्री
इस त्योहार बनाएं मॉड्यूलर किचन, आकर्षक ऑफर्स के साथ
Gift hamper up to 15000/-*
₹ 55,000 ₹ 95,000 ₹ 1,50,000
C-4, Sector-1, Devendra Nagar, Near City Center Mall, Raipur 9977115597, 8319076661

# हरहुना धान की कटाई हुई शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवापारा-राजिम

क्षेत्र में हरहूना किस्म के धान की कटाई हंसिया से की जाने लगी है। ये तस्वीर परसदा खार की है जहां नवागांव के मजदूर कर रहे है। इस समय मजदूरी 170 रुपए चल रहा है। जानकारी के मुताबिक नवरात्रि में ही अनेकों किसानों ने अर्ली वैरायटी की कटाई शुरू कर दिया था। किसानों की मजबूरी कहें कि अभी खेत गीला होने के कारण उन्हें हार्वेस्टर मशीन की बजाए हंसिया से कटाना पड़ रहा हैं। खासतौर से उन खेतों में जहां फसल पक गया है और वह खेत सड़क किनारे न होकर बीच खार में है। जौंदी के किसान टीकमचंद साहू ने बताया कि दशहरा के बाद से एक बहुत बड़े रकबे में हरहुना किस्म का धान पक कर तैयार है। खेत गीला है लिहाजा



लोगों को मजदूरों का सहारा लेना पड़ रहा है। खोजे मजदूर नहीं मिल रहे हैं। दीपावली करीब आ गया है। अधिकतर मजदूर-किसान अब अपने घरों की साफ-सफाई की ओर ज्यादातर ध्यान देने लगे है। दीपावली के करीब आते-आते हार्वेस्टर मशीन से कटाई शुरू हो जाने की संभावना किसानों ने जताया है क्योंकि धूप भी काफी तेज पड़ने लगा है। यही हाल राजिम क्षेत्र के गांवों का है। इस क्षेत्र में भी कटाई का काम लगभग हर गांव में कुछ न कुछ रूप में हो रहा है। राजिम के किसान प्रकाश वर्मा ने बताया कि दशहरा मानने के बाद किसानों के समक्ष फसल कटाई का काम अहम रूप में सामने है जबकि इसी दौर में दीपावली साफ-सफाई के लिए भी परिवार के लोगो को लग जाना पड़ता है। पूरे क्षेत्र में दीपावली की लिपाई-पोताई,साफ-सफाई युद्ध स्तर में शुरू हो चुका है। साफ-सफाई करने डिस्टेंपर लगाने वाले और रंग पॉलिश करने वाले पेंटर पहले से बुक हो चुके है।

**न्यायालय तहसीलदार गोबरा नवापारा**
**जिला रायपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. ब/ 121 वर्ष 2023-24
ग्राम तर्री प.ह.नं. 24 रा.नि.मं. नवापारा
तह. गोबरा नवापारा जिला रायपुर छ.ग.
क्रमांक / / तह. / वा.- 1 / 2024
नवापारा, दिनांक 04/10/2024

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदिका श्रीमती खेबती साहू पति दसरू साहू ग्राम तर्री के द्वारा आवेदन पेश किया है कि, आवेदिका के ससुर स्व. पुनित राम साहू के द्वारा ग्राम तर्री प.ह.नं. 24 रा.नि.मं. व तहसील गोबरा नवापारा जिला रायपुर छ.ग. स्थित भूमि खसरा नंबर 584 के भाग पर ढाई डिसमिल में 30-35 वर्षों से मकान बनाकर निवास करते आ रहे थे तथा उसके मृत्यु के बाद आवेदिका अपने परिवार के साथ निवासरत है इसलिए आवेदिका उक्त भूमि को शासन के योजना के अनुसार शासकीय दर से अपने नाम पर आबंटित कराना चाहती है. जिसके लिए आवेदिका द्वारा कलेक्टर महोदय रायपुर के समक्ष आवेदन पेश किया है, जो अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अभनपुर के माध्यम से इस न्यायालय को जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है। जिसकी सुनवाई दिनांक 22/10/2024 को नियत की गई है।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो आप अपने अधिवक्ता /अधिकृत व्यक्ति या स्वयं के व्दारा नियत पेशी दिनांक के पूर्व दावा आपत्ति पेश कर सकते है । बाद में आये दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेंगा।

आज दिनांक 04/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर

**तहसीलदार**
**गोबरा नवापारा**

Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### छुईहा में मनाया गया विजयादशमी पर्व

**छुईहा बेलर।** ग्राम छुईहा में विजयादशमी के अवसर पर शनिवार की रात 8 बजे रावण के पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें गांव भर से जनसैलाब उमड़ पड़ा। आयोजन प्रमुख कामता प्रसाद के मार्गदर्शन में रावण दहण पूर्व बच्चों को प्रोत्साहित करने खेल का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिभागीयों को प्रोत्साहन राशि दी गई। इस दौरान उपस्थित लोगों ने रावण दहन कार्यक्रम को अपने अपने मोबाइल फोन में कैद करने की होड़ मची रही।

### कांग्रेस अध्यक्ष ने अवैध प्लाटिंग को लेकर कलेक्टर से शिकायत की

**नवापारा-राजिम।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ शर्मा ने शीतलापारा में अवैध प्लाटिंग का आरोप लगाते हुए कलेक्टर एवं एसडीएम से लिखित शिकायत किया है।



शिकायत पत्र की कॉपी देते हुए श्री शर्मा ने बताया कि वार्ड क्रमांक 21 शीतलापारा में अवैध प्लाटिंग का खेल चल रहा है। जिसकी शिकायत उन्होने कलेक्टर से किया है। बताया कि अवैध प्लाटिंग करने वाले व्यक्ति ने रोड रास्ते के नाम पर कब्जा करके ईट का दीवार बना दिया है। खसरा नंबर एवं वर्गफुट का पूरा डिटेल कलेक्टर को भेजा है और कार्रवाई करने की मांग किया है। यह भी बताया गया है कि नगरग्रानि रायपुर और नगर पालिका नवापारा से अभिन्यास स्वीकृत नहीं है इसके अलावा कॉलोनाइजर लाइसेंस भी संबंधित व्यक्ति के पास नहीं है।

## निधन

### रविकांत साहू

**राजिम।** रविकांत साहू 25 वर्ष का निधन हो गया। उनका अंतिम



संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। वे हेमलाल साहू के बेटे व रुपेश साहू के भाई थे। अंतिम संस्कार में समाज एवं गांव के लोग बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

### सोनू राम गोड़

**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम खड़मा निवासी सोनू राम गोड़ का



मंगलवार को हो गया। जिनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम संस्कार में गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

**पहल :** पैरा आर्ट्स बनेगा महिलाओं की आजीविका का नया साधन


# धान की फसल से निकले अवशेष का उपयोग कर सिखाया जा रहा कलाकृतियों का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

जिले की महिलाओं के जीवन में एक नई उम्मीद की किरण दिखाई दे रही है, जहां पैरा आर्ट्स के माध्यम से वे आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम बढ़ा रही हैं। कलेक्टर दीपक अग्रवाल के नेतृत्व में चल रहे इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से सक्षम बनाना और उनके जीवन में आत्मनिर्भरता का संचार करना है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा शुरू किए गए इस नवाचार में, महिलाओं को सूखे पैरा धान की फसल से निकला अवशेष का उपयोग कर कलाकृतियों का निर्माण सिखाया जा रहा है। इस अनूठी पहल में महिलाएं पैरा का उपयोग कर प्राकृतिक दृश्य, पशु-पक्षी, फूल-पौधे, वाद्य यंत्र और धार्मिक संरचनाओं जैसी कलाकृतियां तैयार कर रही हैं। खास बात यह है कि इन कलाकृतियों की बाजार में काफी मांग है और इन्हें ऊंचे दामों में बेचा जा सकता है, जिससे महिलाओं को आर्थिक लाभ होगा।

**सहेली सोशल वेलफेयर फाउंडेशन का सहयोग-** इस पहल को सफल बनाने में सहेली सोशल वेलफेयर फाउंडेशन स्व सहायता समूह, नवागढ़, जिला बेमेतरा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके सहयोग से गरियाबंद जिले की 27 महिलाओं को पैरा आर्ट्स का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण के तहत महिलाएं सांई मंदिर प्रांगण में अपनी कलात्मक क्षमताओं को निखार रही हैं और भविष्य में इस कला के माध्यम से अपनी आजीविका को मजबूत करने के लिए तैयार हो रही हैं।







### बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ से जुड़ी पहल

पैरा आर्ट्स प्रशिक्षण को /"बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ/" अभियान के तहत भी जोड़ा गया है, जिसका मकसद महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाकर उनके सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। यह प्रशिक्षण न केवल महिलाओं को वित्तीय रूप से सक्षम बना रहा है, बल्कि उनके अंदर छिपी रचनात्मकता को भी उजागर कर रहा है।




### कम लागत, ज्यादा मुनाफा

पैरा से कलाकृतियों का निर्माण बेहद कम लागत में संभव है, जिससे महिलाओं को कम निवेश में अधिक मुनाफा कमाने का मौका मिल रहा है। एक बार जब यह कला सीख ली जाती है, तो महिलाएं इसे घर से ही आसानी से जारी रख सकती हैं, जिससे उनके लिए अतिरिक्त आय का स्रोत बनता है।

### स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता की ओर कदम

पैरा आर्ट्स के माध्यम से महिलाएं न केवल अपनी कला का प्रदर्शन कर रही हैं, बल्कि इसे एक व्यवसाय के रूप में अपनाकर स्वरोजगार की दिशा में भी कदम बढ़ा रही हैं। इस नई पहल से जिले की महिलाएं आत्मनिर्भर बनकर समाज में अपनी अलग पहचान बना रही हैं और साथ ही अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को भी सुदृढ़ कर रही हैं। आने वाले समय में यह पहल और भी अधिक महिलाओं को जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत बनाएगी, जिससे उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव आएगा।



### पूर्व मंत्री का कर्मा मंदिर में हुआ सम्मान

**नवापारा-राजिम।** छत्तीसगढ़ के साहू समाज के वरिष्ठ कद्दावर नेता पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू मंगलवार की शाम नवापारा शहर पहुंचे। यहां कर्मा माता मंदिर में मां काली मंदिर समिति के अध्यक्ष मेघनाथ साहू ने उनका दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मान किया। इस अवसर पर नगर साहू समाज के अध्यक्ष रमेश साहू, संरक्षक परदेसी राम साहू, चंद्रिका साहू, धीरज साहू, भाजपा नेता मनीष देवांगन, नवल साहू, अन्नपूर्णा देवांगन, रमेश वैष्णव, ईश्वरी देवांगन, नूतन साहू, वीरेंद्र साहू सहित अनेको लोग मौजूद थे।

### अमलीपदर में श्रीमद् भागवत कथा आज से

**मैनपुर।** ग्राम अमलीपदर में 16 अक्टूबर से 24 अक्टूबर तक श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया जायेगा। जिसमें कथा वाचक राष्ट्रीय प्रवक्ता बाल संत



श्रद्धेय शैलेन्द्र कृष्ण महाराज वृंदावन धाम (मथुरा ) के द्वारा भागवत कथा का रसपान कराएगें। यह कार्यक्रम समस्थ अवस्थी परिवार अमलीपदर द्वारा आयोजित किया गया है।

# अमितेश ने सेन समाज भवन का किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

गरियाबंद के डोंगरीगांव में सेन समाज द्वारा नवनिर्मित भवन, बाउंड्रीवाल एवं शौचालय के लोकार्पण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ के प्रथम पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री अमितेश शुक्ल उपस्थित थे। शुक्ल जी ने फीता काटकर भवन का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में समाज के लोगों ने आतिशबाजी, फूलमाला और साल देकर उनका भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर श्री शुक्ल ने अपने संबोधन में कहा कि उन्हें सेन



समाज से हमेशा स्नेह और समर्थन मिला है। उन्होंने यह भी बताया कि अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने इस भवन, बाउंड्रीवाल और शौचालय निर्माण के लिए 10 लाख रुपये की सहायता दी थी। श्री शुक्ल ने सेन समाज के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि समाज के लोग किसी भी व्यक्ति की छवि को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने सभी से अपील की कि वह समाज के भीतर अपने परिवार के सदस्य की तरह उन्हें सम्मान और स्नेह प्रदान करें। समारोह के अंत में शुक्ल जी ने कार्यक्रम में बुलाने और अतिथि के रूप में सम्मानित करने के लिए समाज के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया, और समाज से इसी तरह स्नेह और आशीर्वाद बनाए रखने की कामना की।

# गोपाल को मिलेंगे प्रतिमाह 4 हजार रूपए, पढ़ाई में होगी सहूलियत

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

कलेक्टर दीपक अग्रवाल की संवेदनशीलता से गरीब और आर्थिक रूप से कमजोर बालक गोपाल यादव को आज जनदर्शन में ही स्पांसरशिप योजना का लाभ मिल गया। इस योजना के तहत गोपाल को प्रतिमाह 4 हजार रूपये मिलेंगे। कक्षा 9वीं में पढ़ने वाले 15 वर्षीय गोपाल को यह राशि उनके 18 वर्ष की आयु होने तक मिलेगी। यह राशि गोपाल के पढ़ाई-लिखाई और उनकी दादी के देखरेख में काम आयेगी। दरअसल जिला मुख्यालय से लगभग 7 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम सढ़ौली में बालक गोपाल यादव अपनी दादी के साथ रहता है। उनके माता-पिता का निधन हो चुका है। गरीबी हालत में अपनी दादी के साथ गुजर-बसर कर रहा है। उन्होंने आज आयोजित



■ जनदर्शन में मिले 82 आवेदन

कलेक्टर जनदर्शन में कलेक्टर दीपक अग्रवाल के समक्ष आर्थिक मदद के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। साथ ही अनाथ होने के बारे में बताते हुए आवश्यक सहयोग करने की मांग की। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने बालक गोपाल की बातों को तन्मयता के साथ सुनकर उनका आवश्यक सहयोग करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। उन्होंने जनदर्शन में मौजूद महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को स्पांसरशिप योजना के तहत बालक को लाभान्वित करने के निर्देश दिये। कलेक्टर श्री अग्रवाल के निर्देश पश्चात महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत संचालित मिशन वात्सल्य योजना के तहत उनको स्पांसरशिप योजना का लाभ दिया गया। इस योजना के तहत गोपाल को अब 4 हजार रूपये की राशि प्रतिमाह मिलेगी। गोपाल ने उनकी गंभीर आर्थिक समस्या के त्वरित निराकरण करने पर खुशी जताते हुए कलेक्टर एवं जिला प्रशासन का आभार जताया। उल्लेखनीय है कि आज आयोजित जनदर्शन में विभिन्न प्रकार की समस्याओं एवं मांगों से संबंधित 82 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों के त्वरित निराकरण करने के निर्देश जनदर्शन में मौजूद विभागीय अधिकारियों को दिये।

# बूढ़ादेव को नए चावल की खीर का लगाया गया भोग

**मुड़ागांव (कोरासी)।** आदिवासी विकास खण्ड छुरा के ग्राम करचाली में 12 अक्टूबर को आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज के समस्त परिवार समूहिक रुप से एक जगह एकत्र होकर शारदीय नवरत्री एवं विजय दशमी के पावन तिथि पर नवाखाई पर्व मनाया गया। इस पर्व में आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज के लोगों द्वारा भगवान बढ़ादेव की



भस्म कलश शोभायात्रा निकालकर अपने ईस्ट देव बड़ादेव की पूजा अर्चना कर नवा धान के बाली चिवड़ा चढ़ा कर भोग लगाया। इस अवसर पर शिक्षक गंगाराम नेताम, आशाराम ध्रुव, बाबू राम ध्रुव, चैतराम ध्रुव, सोनसाय ध्रुव, कंवलसिंग ध्रुव, रेखूराम, चितरागंन, गुलशन कुमार, भूपेदं केदार, संतोष कुमार ध्रुव, दीपक नेताम, भुनेश्वर ध्रुव, मोहनलाल दीपांसु, दुष्यंत नेताम, कवल सिंह मराई, बाबू राम पोडेटी देवकरण छैदैया, जीवनलाल छेड़ैया, भुवनेश्वर लाल छेदैया आदिवासी समाज के लोग शामिल हुए।

# हरिद्वार से आए दिव्य शक्ति कलश का राजिम में हुआ भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

शांतिकुंज हरिद्वार से आए दिव्य शक्ति कलश का भव्य स्वागत शहर के पंडित सुंदरलाल शर्मा चौक में पुष्प वर्षा एवं पूजा आरती तथा आतिशबाजी के साथ किया गया। इस अवसर पर नगर के पार्षद, बजरंग अखाड़ा के महेश यादव, पूर्व मंडी अध्यक्ष रामकुमार गोस्वामी, महामाया प्रबंध समिति के अध्यक्ष लिलेश्वर यदु, जिला समन्वयक टीकम साहू, पवन गुप्ता, रामकुमार साहू इकाई प्रमुख, अशोक



श्रीवास्तव, शरद पारकर, पुरन यादव, साधु निषाद, विष्णु जांगड़े, रामनरायण साहू, ईश्वर साहू, शिव साहू, गणेश साहू, भवानीशंकर साहू, अमृतलाल साहू, लालचंद मेघवानी, संतराम ध्रुव, पुरन साहू, गैंदलाल सेन, आकाश यादव, संतोष मण्डल, राजेन्द्र पाड़े मौजूद थे।

# बेटी के जन्मदिन पर बच्चों को दिया न्योता भोज

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा बेलर

शासकीय प्राथमिक शाला कुंडेल में मंगलवार को नेवता भोज एवं पौधारोपण , शिक्षक सम्मान का आयोजन किया गया। नेवता भोज दानदाता भाजपा कार्यकर्ता रमेश कुमार सिन्हा उनके परिवार के द्वारा अपनी बेटी रानी रिद्धि सिन्हा के प्रथम जन्मदिन के अवसर पर नेवता भोज, वृक्षारोपण एवं शिक्षक स्टाप का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। रमेश सिन्हा ने स्कूल के बच्चो के लिए खीर पुड़ी, सलाद, स्वादिष्ट व पोषक व्यंजन परोसे गये। उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजिम विधायक प्रतिनिधि विजय कंडरा



सिर्रीखुर्द, अध्यक्षता कुण्डेल सरपंच रामेश्वरी राजेश सिन्हा थे। इस विजय कंडरा ने कहा कि न्योता भोज आयोजित किया जो अनुकरणीय पहल है, ऐसे कार्य से प्रेरित होकर सभी पालकों को स्कूल का नेवता भोज दानदाता बनना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच रामेश्वरी राजेश सिन्हा, विशिष्ट अतिथि प्रकाश साहू, होरीलाल साहू, चेमन साहू, शाला समिति के अध्यक्ष पुष्पा अरुण कंवर, संकुल समन्वयक गिरवर यादव, प्रधान पाठक सरिता गायकवाड, शिक्षक नरेंद्र कंवर, संतोष वर्मा, आसाराम रजक, शिक्षिका जमुना ध्रुव, दीपा साहू, वार्ड पंच अरुण कंवर, गोपाल चक्रधारी, शरीफ खान, याकूब खान, मधु कंवर, जमुना निषाद, कुश बाई पुरेना, चेतन सिन्हा, नितेश सिन्हा, पिंटू सिन्हा, ललित सिन्हा, नंदा सिन्हा देवीसिंह यादव उपस्थित थे।

मधुमेह
का सर्वोत्तम संस्थान
लाइफवर्थ हॉस्पीटल
समता कालोनी, रायपुर
हाई ब्लड शुगर का निदान
हाई बी.पी., बच्चों में मधुमेह
मधुमेह और मोटापा
थायराइड और मधुमेह
आँखों में धुंधलापन
पैर में घाव, नसों मे दर्द
समस्त खून जाँच, ईसीजी, ईको की सुविधा
88395 28080, 98261 31347
74404 95504
Ajay 9827144371

### झिटकी में शरद पूर्णिमा आज

**नर्रा।** बागबाहरा ब्लाक के ग्राम झिटकी में बुधवार को प्रतिवर्षानुसार क्वांर माह के शुक्ल पक्ष की शरद पूर्णिमा का पर्व मनाया जा रहा है। इस अवसर पर रात्रि में मनोरंजन के लिए बर चौक स्कूल पारा में छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी हिच्छा पोटिया एवं नीम चौक में साराबोंग ओडिशा का कार्यक्रम रखा गया है।

कालड़ा बर्न एवं
प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
वेजर लाइपोसक्शन द्वारा
मोटापे का ईलाज



पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

# लोगों को शासकीय योजनाओं का लाभ प्राथमिकता से दिलाएं व लंबित प्रकरणों का करें त्वरित निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने विभागों में लंबित प्रकरणों की जानकारी लेते हुए उनके त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लोगों को शासकीय योजनाओं का लाभ प्राथमिकता से दिलाया जाए और आवेदनों का समय-सीमा में समाधान किया जाए। कलेक्टर ने विशेष रूप से आयुष्मान कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि, और पीएम जनमन योजना के तहत लोगों को सुविधाएं देने और शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने पर जोर दिया। बैठक में पीएम श्री



बैठक में कलेक्टर ने बोर्ड परीक्षा की तैयारियों के लिए गंभीरतापूर्वक कार्य करने के दिए निर्देश

स्कूल और गौरव गरियाबंद अभियान की समीक्षा की गई, और कलेक्टर ने बोर्ड परीक्षा की तैयारियों के लिए गंभीरतापूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए। इसके अलावा, सम्पूर्णता अभियान, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता नियुक्ति, अनुकंपा नियुक्ति, और अनुपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों पर कार्रवाई के साथ-साथ समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने पर भी चर्चा हुई। कलेक्टर ने स्कूल, आंगनबाड़ी, छात्रावास, स्वास्थ्य केंद्र और राशन दुकानों के निरीक्षण के लिए पंचायतवार नोडल अधिकारियों को प्रत्येक माह के दूसरे शनिवार को निरीक्षण करने और रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक में आवारा मवेशियों के नियंत्रण, मौसमी बीमारियों की रोकथाम, राशन कार्ड ई-केवाईसी, जल जीवन मिशन, वजन त्यौहार, पोषण माह, और धान खरीदी केंद्रों के नवीन प्रस्तावों पर भी चर्चा की गई। डेंगू रोकथाम और प्रधानमंत्री आवास योजना के निर्माण कार्यों को समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश भी दिए गए।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 19,500/-



चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
By Train-रिजर्वेशन कोच
27 अप्रैल से 10 मई 2025, 02 मई से 15 मई 2025
8 मई से 21 मई 2025, 13 मई से 16 मई 2025
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें - 7354411411
राशिः-स्लीपर -19,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411